# एशियाई निशानेबाज़ी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

## चर्चा में क्यों?

हरियाणा के **पलवल** निवासी **कपिल बैंसला** ने कज़ाख़स्तान में आयोजित **16वीं** एशियाई निशानेबाज़ी चैंपियनशिप में भारत के लिये पहला **स्वर्ण पदक** जीतकर इतिहास रच दिया।

- उन्होंने **10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल** में शीर्ष स्थान हासिल कर हरियाणा और पूरे देश को गौरवान्वित किया।

## मुख्य बिंदु

- **आयोजन विवरण:**
  - राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्द्धाओं वाली **16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप** 16 से 30 अगस्त 2025 तक कज़ाख़स्तान के **श्यामकेंट** में आयोजित की जा रही है।
  - इस कार्यक्रम का आयोजन **कज़ाख़स्तान स्पोर्ट्स शूटिंग फेडरेशन** द्वारा किया जा रहा है और **कुवैत** स्थित एशियाई शूटिंग परिसंघ (ASC) द्वारा इसे मंज़ूरी दी गई है।
  - प्रतियोगिता का संचालन अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज़ी खेल महासंघ (ISSF) द्वारा किया जा रहा है।
  - कुल 27 देशों के 800 से अधिक एथलीटों ने इसमें हिस्सा लिया है। भारत का दल सबसे बड़ा है, जिसमें **164 निशानेबाज़** शामिल हैं।
- **भारत का प्रदर्शन**
  - **1 स्वर्ण पदक:** कपिल बैंसला - पुरुषों की **10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर** स्पर्द्धा में स्वर्ण।
  - **2 रजत पदक:** पुरुषों की **10 मीटर एयर पिस्टल टीम** - रजत (अनमोल जैन, सौरभ चौधरी, आदित्य मालरा)।
  - **2 कांस्य पदक:**
    - महिलाओं की **10 मीटर एयर पिस्टल टीम** - कांस्य (मनु भाकर, सुरुचि सिंह, पलक गुलिया)।
    - मनु भाकर - महिलाओं की **10 मीटर एयर पिस्टल** में व्यक्तिगत कांस्य।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gold-medal-at-asian-shooting-championship